# सड़क के लिए ग्रामीण परेशान, दे चुके कई ज्ञापन

## आजादी के 75 वर्ष बाद भी पगडंडियों के भरोसे पंचमपुर की हरिजन बस्ती के रहवासी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** आजादी के 75 वर्ष बाद भी लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है, जिसके कारण लोगों को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही एक गांव पंचमपुर जो पारकना पंचायत में आता है। यहां पर सड़क न होने की बजह से लोगों को बारिश के मौसम में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी उस समय उत्पन्न होती है, जब कोई बारिश के समय में बीमार हो जाता या फिर प्रसूता को अस्पताल जाना हो, तो ग्रामीणों को दो किलो मीटर पगडंडी के सहारे विभिन्न माध्यम से मुख्य सड़क तक पहुंचते है और उसके बाद अस्पताल ले जाया जाता है। ऐसी परेशानी को देखते हुए ग्रामीणों द्वारा पंचायत सचिव से लेकर कलेक्टर तक सड़क की मांग को लेकर ज्ञापन दिये गए, लेकिन अभी तक सड़क का निर्माण शुरू



नही सका। जिसके चलते ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि सड़क स्वीकृति हो गई और राशि आने का इंतजार है,राशि आते ही सड़क का निर्माण शुरू कर दिया जावेगा।

**बारिश में कभी कभार ही खुलता है स्कूल, बिना पढ़े लौट जाते हैं विद्यार्थी**

पंचमपुर के हरिजन बस्ती में प्राथमिक विद्यालय स्थित है और यहा पर दो शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के लिए आते है, लेकिन बारिश के समय में स्कूल कभी कबार ही खुलता है। स्कूल छात्र-छात्राओं ने बताया कि बारिश के कारण स्कूल नहीं खुल पाता है क्योंकि सड़क न होने की बजह शिक्षक स्कूल नहीं आ पाते है और इस बजह से स्कूल बंद रहता है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि पंचमपुर हरिजन बस्ती से मुख्य सड़क दोनो ओर है, एक है ढिमचौली पर तो दूसरी है सीहोरा पर जहां पर जाने पहुंचने के लिए दो किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। जहां पगडंडी और कीचढ़ भरे रास्ते से गुजरकर जाना पड़ता है।

# चैकिंग के दौरान पुलिस ने दी समझाइश

**यातायात पुलिस ने की कार्रवाई**

**स्कूलों के छात्र-छात्राएं दौड़ा रहे बाइक**




नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** यातायात पुलिस द्वारा स्कूलों के आगे वाहन चैकिंग की गई। इस दौरान जहां उन्होंने स्कूली बच्चों को समझाइस दी, तो वहीं यातायात नियमो का पाठ पढ़ाया। दरअसल जिला अशोकनगर में उप पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र कंवर एवं एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार को संस्कृति स्कूल के सामने वाहन चैकिंग कर वाहन से स्कूल आने वाले नाबालिक बच्चों के परिजन को बुलाकर, नाबालिक बच्चों को वाहन न देने एवं बिना लायसेंस, बिना हेलमेट वाहन न चलाने के लिये समझाईस दी गई । चैकिंग के दौरान थाना यातायात से रक्षित निरीक्षक स्नेहा ठाकुर, सूबेदार संतोष शर्मा, सहायक उप निरीक्षक निरंजन सिंह, नारायण बुनकर, विजय सिंह मीणा, गणपत बारेला, आरक्षक मंगल कुशवाह, दीवान सिंह, रामराज, ज्ञानसिंह, जीशान खान, बाल सिंह एवं महिला आरक्षक वंदना दुबे उपस्थित रहीं। उल्लेखनीय है कि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को उनके माता पिता बाईक थमा देते है। जिसके कारण वह हादसे का शिकार हो जाते है। ऐसे ही हादसों को रोकने कार्रवाई की गई।

## एक नजर में

### तुलसी जयंती एवं मुंशी प्रेमचंद जयंती पर साहित्य संगोष्ठी संपन्न

**चंदेरी।** मध्यप्रदेश लेखक संघ द्वारा गोस्वामी तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद की जयंती के पावन अवसर पर एक काव्य संगोष्ठी का आयोजन स्थानीय सरस्वती विद्यामंदिर के हाल में किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन से हुई। इसके पश्चात अध्यक्षीय आसन पर विराजमान डा. रामदास शर्मा एवं वरिष्ठ साहित्यकार डा. महेश तिवारी ने स्वस्तिवाचन द्वारा साहित्यिक वातावरण को अभिभूत किया। संघ के मंत्री परमलाल परम ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते हुए कहा सरस्वती विद्या की अधिष्ठात्री हैं, उनकी वाणी हमारे अंत: करण की मधुरता का स्रोत बनती है। काव्य पाठ का शुभारंभ आशीष श्रोतिय द्वारा शहीद उधम सिंह पर समर्पित कविता से हुआ, जिसने राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत किया। इसके बाद युवा कवि सौरभ जैन भयकर ने राजपूताना जौहर पर आधारित रचना प्रस्तुत कर भावविभोर कर दिया। समापन वक्तव्य में डा. रामदास शर्मा ने तुलसीदास पर शोधपरक भाषण प्रस्तुत कर उनकी काव्य दृष्टि, रामकथा परंपरा और सामाजिक चिंतन को उजागर किया। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन संघ के कोषाध्यक्ष जयेन्द्र जैन द्वारा किया गया।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, भैंस और पड़ा की जलकर मौत

**बहादुरपुर।** थाना क्षेत्र के खिरिया खुर्द गांव में गुरुवार रात एक दर्दनाक घटना में एक भैंस और पड़ा की जलकर मौत हो गई है। बताया गया है कि मोतीबाई पत्नी भारत सिंह कटारिया के कच्चे घर में भैंस और पड़ा बंधे हुए थे। जहां बीती रात बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, आग से घर में रखे गोबर के कंडे, भूसा जलकर खाक हो गए और भैंस-पड़ा की मौत हो गई। मोतीबाई ने सुबह घर के छप्पर से धुंआ निकलता देखा, तब घटना की जानकारी मिली। इसकी सूचना पुलिस थाने में दी गई है। घटना के बाद बाबरोद ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव भी मौके पर पहुंचे। वहीं पशु चिकित्सक ने मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम किया है। मोतीबाई के अनुसार इस घटना से उन्हें करीब 70 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

### नदी किनारे बने मकानों के मालिकों को थमाए खाली करने के नोटिस

**बहादुरपुर।** कस्बे के पुराना बाजार में मोला नदी के किनारे बने मकानों पर घाटी के कटाव के कारण नदी में समा जाने का खतरा मंडरा रहा है। इस संबंध में षुक्रवार को समाचार प्रकाषित होने के बाद एसडीएम मनीष धनगर मौके पर पहुंचे। उनके साथ तहसीलदार कैलाष मालवीय, थाना प्रभारी अरविंद कछुवाह, जपं सीईओ आलोक इटोरिया में एनडीआरएफ की टीम थी। एसडीएम द्वारा सदर पटवारी लोकेन्द्र षर्मा को मकानों को खाली कराने के निर्देष दिए गए। इसके बाद 8 लोगों के पास मकान खाली करने का नोटिस पहुंचा। इनमें से अमित चौबे ने बताया कि प्रषासन द्वारा हमारे मकान खाली करने का नोटिस दिया गया है, जबकि यह हमारे पुरखों की जमीन है। प्रषासन को घाटी का कटाव रोकना चाहिए लेकिन हमें ही घर खाली करने के नोटिस दिए हैं। वहीं विकास शर्मा का कहना था कि हमारे पास इसके अलावा कोई दूसरा मकान नहीं है, हम मकान खाली करने के बाद जाएंगे तो जाएंगे कहां।

### बाढ़ से पुल पर बने गड्ढे 5 खंभे धराशायी

**बहादुरपुर।** बीते मंगलवार को कैथन नदी में आई बाढ़ से पुल पर कई गढ्डे हो गए हैं। दो-तीन जगह तो सरिया बाहर निकल आए हैं। जिनमें फंसकर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। वहीं पुल के दोनों स्लोब भी धंस गए हैं। इसी तरह कुछ महीने पहले बहादुरपुर से खोपरा स्थित तहसील भवन तक गई बिजली लाईन भी धराषायी हो गई। नेषनल हाईवे से नदी तक कुल 5 खंभे लगाए गए थे, जो नदी के बहाव के आगे टिक नहीं सके। वहीं नदी के ठीक किनारे पर 50 वर्षों से लगा हुआ 33 केव्ही लाईन का खंभा जस का तस खड़ा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली ठेकेदार ने खंभे लगाने में भ्रष्टाचार किया है। दूसरी ओर बाढ़ के बाद सड़कों पर कीचड़ ही कीचड़ है। जिसमें दो पहिया वाहन फिसल रहे हैं। गुरुवार को दिन में कई वाहन फिसले।

### राजमाता बाग में पौधारोपण के लिए सिंधिया को किया आमंत्रित

**नईसराय।** अखिल भारतीय सिंधिया यूथ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा विगत दिवस केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की गई। इस दौरान जहां उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अगवत कराया,तो वहीं उन्हें राजमाता बाग में पौधारोपण करने के लिए आमंत्रित किया। दरअसल श्री सोलंकी गरेंठी ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से भेंट कर राजमाता कैलाशवासी माधवी राजे सिंधिया बाग गरेंठी में पौधारोपण हेतु आमंत्रित किया। इसके साथ ही बारिश से क्षेत्र में हुए नुकसान की जानकारी दी। जिस पर उन्होंनें क्षेत्र के लोगों को हर संभव मदद दिलाये जाने का भरोसा दिलाया।

### अखंड रामायण पाठ का आयोजन

**शाढौरा।** हर साल सावन का महीना भगवान शिव की पूजा-अर्चना, व्रत, जलाभिषेक और भक्ति में डूब जाने का सबसे पवित्र समय माना जाता है। मान्यता है कि इस पूरे महीने में भोलेनाथ की सच्चे मन से पूजा करने से हर मनोकामना पूरी होती है। खासकर सावन के सोमवार का व्रत तो और भी शुभ फल देने वाला होता पंचांग के अनुसार इस बार सावन माह की शुरुआत 11 जुलाई से हुई है इसका समापन 9 अगस्त को होगा।

# खाद के लिए परेशान हो रहे किसानों ने किया चक्काजाम

## चक्काजाम के दौरान किसानों ने गाया श्री राम, जय राम, जय-जय राम का भजन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय पर किसानों को खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है। जिसके चलते शुक्रवार सुबह किसानों द्वारा चक्काजाम कर दिया गया। इस दौरान जहां उन्होंनें पीली पड़ती फसल के बारे में बताया, तो वहीं खाद् वितरण प्रणाली पर सवालिया निशान खड़े किए। इसके अलावा दो दिनों बाद खाद का वितरण होने से गोदाम के बाद किसानों की लंबी कतार लग गई। तो वहीं बड़ी संख्या में किसानों के वाहन विदिशा रोड़ पर देखने को मिले।

दरअसल जिले में लगातार बारिश के कारण दो दिन तक बंद रहे यूरिया वितरण केंद्र पर शुक्रवार को जैसे ही वितरण शुरू हुआ, तो विदिशा रोड स्थित खाद गोदाम पर किसानों की भारी भीड़ जमा हो गई। वाहनों की अधिक संख्या के कारण सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन गई। गेट खुलते ही पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी दौड़ लगा दी। सबसे पहले उन लोगों को खाद का वितरण किया गया, जिनके पास पहले से टोकन थे। तो वहीं इंतजार के बाद बाद अगली बार आने की बात पर कुछ किसान नाराज हो गए और उन्होंने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। जिन्हें मौके पर पहुंचे



प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समझाइस बाद हटवाया गया।

**जिले की 29 सहकारी समितियों के माध्यम से होगा यूरिया खाद का वितरण**

कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा खाद वितरण की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को आसानी से यूरिया खाद उपलब्धं हो इस हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले की 29 सहकारी समितियों के माध्यम से यूरिया खाद का वितरण शनिवार को भी व्यवस्थित रूप से किया जाए। बैठक में बताया गया कि अशोकनगर जिला मुख्यावलय पर डबल लॉक केन्द्र से यूरिया खाद हेतु टोकन का वितरण कृषकों को शुक्रवार को किया गया है। टोकन वितरण व्यवस्था के तहत सोमवार को कृषकों को यूरिया खाद का वितरण किया जायेगा। साथ ही मुंगावली एवं पिपरई डबल लॉक केन्द्र पर यूरिया खाद का वितरण शनिवार को किया जायेगा।



# सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के अधिकारियों की बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर कक्ष में सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर भारतीय सेना से मेजर अर्जित शाह, एनडीआरएफ टीम लखनऊ से अजय सिंह, भोपाल से एसडीआरएफ के प्लाटून कमांडर गोविंद शर्मा, डिप्टी कलेक्टर इसरार खान उपस्थित रहे।

बैठक में जिले में अतिवर्षा से प्रभावित क्षेत्रों की विस्तार से जानकारी दी । जिले के अशोकनगर, मुंगावली, ईसागढ़, चंदेरी, बहादुरपुर, शाढौरा, नईसराय के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के दल द्वारा भ्रमण कर स्थिति का आंकलन किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि सेना से 40 जवानों का दल, एनडीआरएफ के 30 जवानों का दल तथा एसडीआरएफ का 12 सदस्य दल जिले में आया हुआ है।




### एसएमडीसी की बैठक में विद्यालय के विकास पर चर्चा

**शाढ़ौरा।** शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल में गया गुरुवार को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान समिति ने तुरंत सर्वसम्मति से विद्यालय के विकास के लिए मिलकर प्रयास करने का निर्णय लिया। समिति के सदस्यों को समिति का उद्देश्य और दायित्वों की जानकारी व्याख्याता महेंद्र जैन कडेसरा ने दी, जिन्होंने स्कूल के विभिन्न विकास कार्यों का वर्णन किया। प्रचार्या महेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि शीघ्र ही छात्रों के पृथक शौचालय का निर्माण कराया जाएगा, साथ ही विद्यालय की मंच की लंबाई और चौड़ाई का विस्तार भी किया जाएगा। इसके अलावा विद्यालय में साइकिल स्टैंड बनाए जाने और सभी प्रयोगशालाओं को सुसज्जित करने के कार्य किये जा रहे हैं। दो वाटर कूलर भी लगाए गए हैं और विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया जा रहा है।

# अतिवर्षा प्रभावितों को मिलेगी हर संभव राहत राशि : आदित्य

## कलेक्टर ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा, गौरा के राहत शिविर भी पहुंचे

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** अतिवर्षा एवं बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए शासन, प्रशासन द्वारा हर संभव राहत राशि दिलाई जायेगी। साथ ही नुकसान का सर्वे कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर मुआवजा राशि दिलाये जाने की कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर आदित्य सिंह ने शुक्रवार को तहसील बहादुरपुर के ग्राम बरखेड़ा जमाल पहुंचकर अति वर्षा से प्रभावित हुए लोगों से चर्चा की। साथ ही उन्होंने बरखेड़ा गांव का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने अतिवर्षा एवं बाढ़ से प्रभावित घरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हों ने अतिवर्षा से क्षतिग्रस्ते घरों जानकारी पटवारी से ली। इस दौरान बताया गया कि ग्राम के 39 परिवार अतिवर्षा से प्रभावित हुए है तथा 4 मकान क्षतिग्रस्त हुए है।



साथ ही उन्होंने बिजली, पानी, राशन वितरण के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देशित किया। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित लोगों से फसलों को हुई क्षति के बारे में जानकारी लेकर सर्वे किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वे पूरा कर मुआवजा राशि दिए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को मौके पर ही दिएं। बाढ़ से प्रभावित सर्वे की सही जानकारी नहीं देने पर पटवारी बाबूलाल कलावत के खिलाफ कार्यवाही किए जाने के दिए निर्देश तहसीलदार बहादुरपुर को दिए।

**ग्राम गोरा में राहत शिविर का किया निरीक्षण:**

कलेक्टर तहसील बहादुरपुर के ग्राम गोरा पहुंचकर पंचायत भवन में बनाये गये राहत शिविर का निरीक्षण किया। अतिवर्षा एवं बाढ से प्रभावित लोगो के लिए राहत शिविर में 37 बाढ प्रभावित व्यक्तियों को ठहराया गया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राहत शिविर में निवासरत लोगों से चर्चा करते हुए उनके स्वास्थ्य चेकअप, राशन एवं क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वे और प्रभावितो को खाने, पीने के पानी की जानकारी ली। ग्रामीणो से चर्चा करते हुए ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि तीन माह का राशन मिल गया है। साथ ही राहत कैंप में रह रहें लोगों के मकान का सर्वे पूरा कर मुआवजा राशि दिए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रभावितों की समस्यावओं को सुनकर हर संभव निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए।

**कार्रवाई**

**अस्पताल, स्टेशन आदि जगहों से चुराते थे बाइक, पलकटौरी की पठार पर रखते थे सुरक्षित**

# कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़े दो बाइक चोर, 6 बाइक की बरामद

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कोतवाली पुलिस को बाईक चोरी के मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी। इस कार्रवाई में जहां पुलिस ने दो बाईक चोरो को गिरफ्तार किया है, तो वहीं उनसे चोरी की गई आधा दर्जन बाइक भी बरामद की है। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शुक्रवार को बाईक चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि यह बाईक चोर अस्पताल और स्टेशन आदि भीड़ भाड़ वाले इलाकों से बाइको की चोरी करते थे और उसके बाद उन्हें लोगों को बेचते थे। वहीं शहर से बाईक चुराने के बाद इन्हें पलकटौरी की पठार पर सुरक्षित रखा जाता था।

कोतवाली टीआई रवि प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि 24 जून को मसीदपुर निवासी बुंदेल सिंह पुत्र मुलुआ



अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जब वह उसके दोस्त के घर खालसा कालोनी में गया तो बाईक को बाहर रखकर अंदर वार्तालाप की, इसके बाद वह बाहर आया तो उसकी बाईक गायब थी, जिसे उसके द्वारा खोजा गया, लेकिन वह नहीं मिली तो उसने कोतवाली में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं कायमी होने के बाद पुलिस बाइक चोरी की छानबीन शुरू की गई। जहां मुखबिर की सूचना पर आरोपी सोनू पुत्र राजकुमार प्रजापति निवासी बरखेड़ा को जेबीएस कालोनी अशोकनगर के पास से चोरी गई मोटरासाईकल एमपी 67 एमडी 9511 सहित रंगे हाथो पकडकर मोटरसाईकल को जप्त कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें उसने बताया कि उसके द्वारा पां च और मोटरसाईकल विदिशा रोड, मुंगावली स्टेशन, अस्पताल अशोकनगर चोरी की है एवं उनमे से एक मोटरसाईकल रवि उर्फ रविंद्र पुत्र जोगा सिंह सिख निवासी उमरिया को दी है। वहीं अन्य चार मोटरसाईकले पलकाटोरी पठार की पुलिया के पास छुपा रखी है। आरोपी से उक्त चोरी गई मोटरसाईकले जप्त करते हुए उसे रिमाड पर लिया गया है।

**हीरो कंपनी की है सभी बाईक:**

पुलिस द्वारा चोरो से जिन बाईको को जब्त किया गया है, वह सभी हीरो कंपनी की है। जिनमें हीरो कंपनी की एचएफ डीलक्स, हीरो कंपनी की एचएफ डीलक्स, हीरो कंपनी की स्प्लेंडर प्रो, हीरो कंपनी की स्प्लेंडर प्लस, मोटरसाइकिल हौरो कपनी की डीलक्स, मोटरसाइकिल हीरो कंपनी की डीलक्स है। इस कार्यवाही में निरीक्षक रवि प्रताप सिह चौहान, उप निरीक्षक जंगबहादुर सिह तोमर, अक्षय कुशवाह, प्रधान आरक्षक दिनेश कुशवाह, दिलीप रजक, आरक्षक गौरब रघुवंशी, दीपक सिंह रावत, निशांत छारी, दीपक कुमार, विशाल पारदी, रविद्र भारद्वाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।